**फा.सं.पी-11015/1/2023-पीपीसी**

**भारत सरकार**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)**

**नई दिल्ली, 24 फरवरी, 2023**

**विषय: जनवरी, 2023 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल के लिए सारांश (संख्या-1)।**

जनवरी, 2023 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/कार्यक्रमों की रूपरेखा नीचे दी गई है:-

1. आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति ने प्रसार भारती अर्थात आकाशवाणी (एआईआर) और दूरदर्शन (डीडी) के अवसंरचना विकास के लिए 2539.61 करोड़ रु. की लागत से **केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम "प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास" (बीआईएनडी)** के संबंध में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। मंत्रालय की बीआईएनडी स्कीम प्रसार भारती को इसकी प्रसारण अवसंरचना के विस्तार और उन्नयन, सामग्री विकास और संगठन से संबंधित सिविल कार्य से संबंधित खर्चों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का माध्यम है। बीआईएनडी स्कीम लोक प्रसारक को बेहतर अवसंरचना के साथ इसकी सुविधाओं में व्यापक उन्नयन करने में सक्षम बनाएगी जिससे वामपंथ उग्रवाद क्षेत्र, सीमावर्ती और रणनीतिक क्षेत्रों सहित सभी क्षेत्रों में इसकी पहुंच बढ़ेगी और दर्शकों को उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री प्रदान की जाएगी। इस स्कीम का एक अन्य प्रमुख प्राथमिकता क्षेत्र घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों दर्शकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का विकास और अधिक चैनलों को समायोजित करने के लिए डीटीएच प्लेटफॉर्म की क्षमता के उन्नयन द्वारा दर्शकों के लिए विविध सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

2. सिनेमाई साझेदारी स्थापित करने, कार्यक्रमों का आदान-प्रदान करने, युवा फिल्म निर्माण प्रतिभा का पोषण करने और एससीओ राज्यों की संस्कृतियों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने के उद्देश्य से, सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) के माध्यम से 27 से 31 जनवरी, 2023 तक मुंबई में एससीओ में भारत की अध्यक्षता के लिए **शंघाई सहयोग संगठन फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया।** फिल्म महोत्सव का उद्घाटन माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर और माननीय विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह में सम्मानित अतिथि सुश्री हेमा मालिनी और अन्य प्रतिष्ठित फिल्मी हस्तियां जैसे अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, हेमा मालिनी, साजिद नाडियाडवाला, ईशा गुप्ता, पूनम ढिल्लों, एली अवराम, हर्षिता भट्ट और जैकी भगनानी को सम्मानित किया गया और केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा निर्मित की जा रही 52-भाग की एनीमेशन सीरीज *"भारत है हम"* का प्रोमो जारी किया गया। भारत में एससीओ फिल्म महोत्सव के हिस्से के रूप में, सदस्य राज्यों, पर्यवेक्षक राज्यों और संवाद सहयोगी राज्यों ने भाग लिया और विभिन्न अन्य कार्यकलापों के साथ-साथ विभिन्न

फिल्मों का प्रदर्शन किया। न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने हैशटैग **#SCOFilmFestival का उपयोग करते हुए छवियों, रीलों/वीडियो की एक सीरीज के** साथ सूचना और प्रसारण मंत्रालय के एकाउंट्स में व्यापक सोशल मीडिया प्रचार किया।

3. **आज़ादी का अमृत महोत्सवः भारत की आजादी के 75 साल**

*'जन भागीदारी और जन आंदोलन'* की भावना के तहत आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) का जश्न मनाने के लिए विभिन्न पहल की जा रही हैं।

3.1 मंत्रालय ने **'इंडिया सर्जिंग अहेड: अमृत काल 2022-2047' पर कवर स्टोरी के साथ प्रधानमंत्री जी के मन की बात बुकलेट का दिसंबर, 2022 संस्करण प्रकाशित किया है।** ई-संस्करण को ई-संपर्क के माध्यम से पूरे देश में लगभग 6 करोड़ नागरिकों को वितरित किया गया था और सूचना और प्रसारण मंत्रालय, MyGov, पीएम इंडिया और मंत्रालय की मीडिया यूनिटों की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया था। मुद्रित पुस्तिका देश के सभी सांसदों और विधायकों और भारत सरकार के सभी सचिवों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों को वितरित की जाती है।

3.2 डीडी न्यूज़ ने भारत की माननीया राष्ट्रपति जी के गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन के लाइव प्रसारण, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि, गणतंत्र दिवस परेड और राष्ट्रीय बीटिंग रिट्रीट समारोह के साथ 74वें गणतंत्र दिवस के कार्यकलापों को व्यापक रूप से कवर किया। नियमित कार्यक्रम 'डीडी दस्तावेज', 'एक भारत श्रेष्ठ भारत', 'रंग तरंग' और 'वाई फैक्टर' के विशेष एपिसोड गणतंत्र दिवस पर केंद्रित थे। न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने हैशटैग #RepublicDay, #RepublicDay2023, #RepublicDayParade और #AmritMahotsav का उपयोग कर **छवियों, रीलों/वीडियो** की एक सीरीज के साथ व्यापक सोशल मीडिया कवरेज किया ।

3.3 केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) ने 26 से 31 जनवरी, 2023 तक 8 वर्षों में सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए **'सेवा सुशासन और गरीब कल्याण' विषय पर** एक प्रदर्शनी आयोजित कर लाल किले में आयोजित **भारत पर्व में भाग लिया।** सीबीसी (क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ) ने संसद खेल महाकुंभ के अवसर पर इसी विषय पर 11 **दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी भी आयोजित की**, जिसका उद्घाटन श्री आदित्यनाथ योगी, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री ने किया और जिसमें 2 सांसदों और एक राज्य मंत्री ने भाग लिया।

3.4 ***न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)*** का जनवरी 2023 पाक्षिक संस्करण "***अमृत काल** में प्रगति के माध्यम से विरासत को सशक्त बनाते हुए सांस्कृतिक स्थलों को पुनर्स्थापित, विकसित और संरक्षित कर सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करना*" और *"भारत द्वारा 2023 के लिए जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करना भारत की वैश्विक पहचान को दर्शाता है"* कवर स्टोरी के साथ 13 भाषाओं में प्रकाशित किया गया और सीबीसी द्वारा देशभर में वितरित किया गया था। MyGov India के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ईमेल के माध्यम से एनआईएस के ई-संस्करण 71.2 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजे गए थे।

4. **परीक्षा पे चर्चा 2023:** डीडी न्यूज ने 27.01.2023 को माननीय प्रधानमंत्री की बातचीत के छठे **संस्करण के लाइव प्रसारण** के साथ परीक्षा पे चर्चा 2023, 24.01.2023 को माननीय शिक्षा मंत्री की **प्रेस कॉन्फ्रेंस, विशेष** कार्यक्रम' **परीक्षा पे चर्चा 2023'** को व्यापक रूप से कवर किया और **'परीक्षा पे चर्चा 2023: तनाव पर प्रहार'** कार्यक्रम के लिए पूर्व-प्रचार के रूप में, पिछले संस्करणों के प्रतिभागियों और देश भर के अन्य छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बाइट्स को कार्यक्रम के बारे में उनका उत्साह दर्शाने के लिए प्रसारित किया।

5. **जी-20 शिखर सम्मेलन पर अभियान**

5.1 डीडी न्यूज नेटवर्क ने देश भर में आयोजित जी20 भारत की अध्यक्षता से संबंधित सभी प्रमुख कार्यक्रमों का प्रसारण किया है। डीडी इंडिया पर जी20 के सभी पहलुओं/घटनाक्रमों/ कार्यकलापों को कवर करने के लिए विशेष कार्यक्रम '**India@G20' की एक सीरीज का दैनिक प्रसारण किया जाता है।** जी-20 बैठकों के साप्ताहिक कार्यकलापों और सोशल मीडिया कवरेज को उजागर करने के लिए **'ए जी20 स्पेशल: इंडिया कॉलिंग'** विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम का प्रसारण किया जा रहा है। **डीडी न्यूज पर** विशेष कार्यक्रम **'भारत@20 : वसुधैव कुटुंबकम'** भी जी20 और भारत की अध्यक्षता के महत्व पर चर्चा करने के लिए प्रसारित किया जाता है।

5.2 माह के दौरान, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने अब तक आयोजित सभी कार्यक्रमों का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से **चौतरफा प्रचार किया और** देश भर के **98 से अधिक समाचार पत्रों में 3 विशेष जी-20 लेख प्रकाशित किए। पीआईबी रिसर्च यूनिट द्वारा** कुल **3 एक्सप्लेनर्स** और **2 पॉडकास्ट** जारी किए गए और **पीआईबी जी20 माइक्रोसाइट को** जी20 से संबंधित सभी सूचनाओं के लिए वन स्टॉप समाधान के रूप में नियमित रूप से अपडेट किया गया है।

5.3 केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) ने जी20 शिखर सम्मेलन के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए, 840 डिस्प्ले और 4200 डिजिटल डिस्प्ले करते हुए एक **आउटडोर अभियान** चलाया और चंडीगढ़, चेन्नई, कोलकाता, पुणे, तिरुवनंतपुरम और हैदराबाद में प्राइवेट **एफएम अभियान** आयोजित किए।

6. **सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने** यूट्यूब **चैनलों पर फ़र्ज़ी ख़बरें फैलाने वालों पर कार्रवाई की**: पीआईबी फ़ैक्ट चेक यूनिट (एफसीयू) ने 100 से अधिक तथ्य-जांच वाले छह अलग-अलग ट्विटर थ्रेड जारी किए और **छह** यूट्यूब **चैनलों का भंडाफोड़ किया** जो एक समन्वित तरीके से काम कर रहे थे और भारत में गलत जानकारी फैला रहे थे। इन चैनलों के लगभग 20 लाख सब्स्क्राइबर्स थे, 50 करोड़ से अधिक बार देखा गया और राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और चुनाव आयोग से संबंधित फर्जी खबरों को फैलाने के लिए क्लिकबेट थंबनेल का उपयोग कर रहे थे।

7. **समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी (एनएसडी, आकाशवाणी) को** भारत के चुनाव आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता और शिक्षा के लिए उत्कृष्ट अभियान के लिए **राष्ट्रीय मीडिया पुरस्कार** से सम्मानित किया गया ।

8. माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन ने **महान समाज सुधारक "मन्नम" के 143वें जन्मदिन** पर भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के क्षेत्रीय परिसर कोट्टायम में 02.01.2023 को एक इंटरैक्टिव सत्र का उद्घाटन किया।

9. **विशेष कवरेज**

9.1 **अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष (आईवाईओएम) 2023:** डीडी न्यूज और डीडी इंडिया ने बांदा में कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल द्वारा आईवाईओएम पर चर्चा और माननीय कृषि मंत्री की बैंगलुरू में बाजरा और जैविक उत्पादों पर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला के समापन समारोह में भागीदारी सहित सभी **महत्वपूर्ण घटनाओं को कवर किया। मन की बात** कार्यक्रम में बाजरा पर माननीय प्रधानमंत्री के विचारों पर एक **विशेष पैकेज** तैयार किया गया और प्रसारित किया गया। बीजिंग में चाइनीज एकेडमी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज में बाजरा अनुसंधान में वैज्ञानिक, प्रो. दियाओ जियानमिन और माननीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री के विशेष लघु साक्षात्कार भी प्रसारित किए गए। प्रकाशन विभाग (डीपीडी) द्वारा प्रकाशित **योजना** के जनवरी अंक में आईवाईओएम 2023 को मनाने के लिए बाजरा की थीम को कवर किया गया। न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स में हैशटैग **#IYM2023 का उपयोग करते हुए** बाजरा के विभिन्न लाभों और सूचनाओं पर प्रकाश डालते हुए विविध पोस्ट बनाए।

9.2 **एमवी गंगा विलास क्रूज:** डीडी न्यूज द्वारा दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज 'द गंगा विलास' की यात्रा को क्रूज से **जमीनी रिपोर्ट** और उद्घाटन कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के माध्यम से बड़े पैमाने पर कवर किया गया है, जहां माननीय प्रधानमंत्री ने क्रूज को वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाई। चालक दल के सदस्यों के विशेष साक्षात्कार और केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों, यूपी के माननीय मुख्यमंत्री और माननीय उप मुख्यमंत्री तथा बिहार और पश्चिम बंगाल राज्य के महत्वपूर्ण मंत्रियों के बाइट्स प्रचार के एक हिस्से के रूप में किए गए थे। विशेष कार्यक्रम **'गंगा विलास: रिवर क्रूज का नया युग'** का प्रसारण किया गया और लखनऊ, पटना, रांची, कोलकाता और गुवाहाटी की क्षेत्रीय समाचार यूनिटों (आरएनयू) ने बुलेटिनों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर संबंधित कहानियों पर प्रकाश डाला।

9.3 **बजट 2023-24 और संसद का बजट सत्र:** डीडी न्यूज़ नेटवर्क ने बजट सत्र से पहले संसद के संयुक्त सत्र में माननीय राष्ट्रपति जी और माननीय उपराष्ट्रपति जी के अभिभाषण के लाइव प्रसारण के साथ बजट 2023 को कवर किया। डीडी न्यूज ने **विशेष कार्यक्रम 'उम्मीदों का बजट' की श्रृंखला** के साथ देश की बजट पूर्व अपेक्षाओं को कवर किया और सभी नियमित प्राइम टाइम शो में बजट से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। **विशेष कार्यक्रम 'संसद के समक्ष मुद्दे'** ने संसद के बजट सत्र पर चर्चा की। एनएमडब्ल्यू ने हैशटैग #EconomicSurvey और #EconomicSurvey2023 का उपयोग करते हुए ग्राफिक्स की एक श्रृंखला के साथ सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स में **'आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23'** का व्यापक सोशल मीडिया कवरेज किया।

9.4 भारत की माननीया राष्ट्रपति द्वारा **प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार**, **पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2023** और **डिजिटल इंडिया पुरस्कार 2022** पुरस्कार वितरण और **13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस** समारोह में भागीदारी का लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार किया गया।

9.5 **महात्मा गांधी जी की** पुण्य तिथि पर माननीय प्रधानमंत्री की उन्हें राजघाट पर श्रद्धांजलि, मध्य प्रदेश **ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023**, **17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन,** सिकंदराबाद - विशाखापत्तनम को जोड़ने वाली **वंदे भारत एक्सप्रेस** ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करना, हुबली में **26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव** का उद्घाटन, '**नो योर लीडर'** कार्यक्रम के तहत संसद में नेताजी **सुभाष चंद्र बोस** को सम्मानित करने संबंधी समारोह में भाग लेने के लिए चुने गए युवाओं के साथ बातचीत, **और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह** के 21 सबसे बड़े अनाम द्वीपों के नामकरण समारोह में भागीदारी का लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार किया गया। **नोटबंदी** पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले, **जोशीमठ** क्षेत्र में बचाव, खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023, सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस आदि पर विशेष कार्यक्रम प्रसारित किए गए।

**10. न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहलें -**

- **भारत और मिस्र के बीच** 25.01.2023 को **सामग्री के आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण और** प्रसार भारती तथा मिस्र की राष्ट्रीय मीडिया प्राधिकरण के बीच सह-निर्माण की सुविधा के लिए एक **समझौता ज्ञापन (एमओयू)** पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

- केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) और प्रेस सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा **अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष (आईवाईएम) 2023 को** एक जन आंदोलन बनाने के साथ-साथ भारत को 'ग्लोबल हब फॉर मिलेट्स' के रूप में स्थापित करने के माननीय प्रधान मंत्री के विजन के अनुरूप, चंडीगढ़ में 06.01.2023 को **मिलेट्स लंच के साथ एक मीडिया इंटरेक्शन का आयोजन किया गया था।** पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के पत्रकार प्रतिभगियों के साथ बाजरा के बहुआयामी लाभों का उल्लेख किया।

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 09.01.2023 **को सभी टेलीविजन चैनलों को** दुर्घटनाओं, मृत्यु और महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के खिलाफ हिंसा सहित हिंसा की घटनाओं की ऐसी रिपोर्टिंग के खिलाफ एक एडवाइजरी जारी की है, जो सुसंस्कृत और सभ्य आचरण के विरुद्ध हों। एडवाइजरी में ऐसी रिपोर्टिंग से विभिन्न दर्शकों पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डाला गया है और प्रसारकों के बीच जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना आरोपित की गई है, जो कार्यक्रम संहिता और विज्ञापन संहिता में निहित है।

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने **लोक सेवा प्रसारण के दायित्व पर दिनांक 30.01.2023 को एक एडवाइजरी जारी की है** जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि प्रसारित किए जा रहे कार्यक्रमों में सन्निहित प्रासंगिक सामग्री को लोक सेवा प्रसारण से संबंधित माना जा सकता है। राष्ट्रीय महत्व और सामाजिक प्रासंगिकता की सामग्री को लगातार 30 मिनट से अधिक प्रसारित करने की आवश्यकता नहीं है और इसे छोटे स्लॉट में दर्शाया जा सकता है और प्रसारक को ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल संबंधी एक मासिक रिपोर्ट ऑनलाइन जमा करने की आवश्यकता होती है ।

- **डिजिटल मीडिया:** सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के तहत एक वेब सीरीज में भारतीय मानचित्र के गलत चित्रण के संदर्भ में सर्वे ऑफ इंडिया से प्राप्त संदर्भ के आधार पर कार्रवाई की गई। दिनांक 20.01.2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए एक एडवाइजरी जारी की गई।
- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने माह के दौरान 01 नई अनुमति जारी की है और 01 टीवी चैनल की अनुमति रद्द की है। भारत में अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **दिनांक 31.01.2023 तक 901** है।
- **भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई):** प्रेस परिषद अधिनियम, 1978 (धारा 13 के तहत 44 और धारा 14 के तहत 118) के तहत **162 शिकायतों** पर माह के दौरान कार्रवाई की गई और दिनांक 16.01.2023 से **शीतकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम (डब्ल्यूआईपी) 2023** शुरू किया गया।
- पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **6223 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की, **82 औपचारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस, 8 वार्तालाप, 4 वेबिनार आयोजित किए** हैं और भारत की जी20 अध्यक्षता, बजट आदि पर **21 लेख प्रकाशित किए** हैं। पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने **125 फर्जी खबरों** का पर्दाफाश किया और 139 ट्वीट पोस्ट किए। पीआईबी की अनुसंधान यूनिट ने श्रृंखला में **10 दस्तावेज़ प्रकाशित किए।**
- केंद्रीय संचार ब्यूरो को क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ)/फील्ड कार्यालयों (एफओ) ने आजादी का अमृत महोत्सव, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 8 वर्ष, भारत की जी20 की अध्यक्षता और भारत सरकार की प्रमुख स्कीमों की थीम पर **66 एकीकृत संचार और लोकसंपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी), 1** प्रदर्शनी और 26 क्षेत्रीय कार्यक्रमों का आयोजन किया और देशभर में **सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न विषयों पर जागरूकता का सृजन** निम्नानुसार किया गया:

| ट्वीट्स और रीट्वीट्स की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टर/संदेश/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 27006 (307142) | 9813 | 4637 | 34735 |

- **सोशल मीडिया कवरेज:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने माह के दौरान लगभग **37 ग्राफिक्स, वीडियो, इमेजेस, पोस्ट, ट्वीट** आदि **साझा करके सभी प्लेटफार्मों पर विभिन्न विषयों को व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया।**

**आजादी का अमृत महोत्सव** और अन्य प्रमुख अभियानों को जैसे **प्रवासी भारतीय दिवस, विरासत : मेरी साड़ी मेरी शान, अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष 2023, सेना दिवस, एससीओ फिल्म समारोह, गणतंत्र दिवस 2023, आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23,** मन की बात पुस्तिका आदि पर इन्फोग्राफिक्स, रील, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से प्रकाश डाला गया।

(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23073775